# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

## 'प्रैस नोट'

## डी0एल0एड परीक्षा मार्च–2021

डी0एल0एड प्रवेश वर्ष–2015–17 (चतुर्थ सैमेस्टर), 2016–18, 2017–19, 2018–20 व 2019–21 (रि–अपीयर व विशेष अवसर) परीक्षा मार्च–2021 दिनांक 02.03.2021से प्रारंभ हो रही है। पात्र छात्र–अध्यापकों के प्रवेश–पत्र (एडमिट कार्ड) संस्था की लॉग–ईन आई0डी0 पर दिनांक 24.02.2021 से उपलब्ध हैं। सभी छात्र–अध्यापक प्रवेश–पत्र (एडमिट कार्ड) बारे अपनी संस्था से सम्पर्क करें। छात्र–अध्यापक प्रवेश–पत्र (एडमिट कार्ड) पर दर्शाए गए महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढ़कर/समझकर उनकी पालना करना सुनिशचित करेगें।

कॉलेज/संस्थान के प्राचार्य/मुखिया इस बात के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगें की ऐसे सभी छात्र–अध्यापक जो निर्धारित नियम/विनियम अनुसार परीक्षा में शामिल होने के लिए योग्य/पात्र नहीं है, उनके अनुक्रमांक जारी नहीं किये जाने है। ऐसे मामलों से सम्बन्धित परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक कॉलेज/संस्थान के मुखिया द्वारा रिर्पोट सहित बोर्ड कार्यालय को परीक्षा शुरू होने से पूर्व वापिस भेजे जाने है।

ऐसे परीक्षार्थी जो **Visually impaired, Dyslexic and Spastic, Deaf & Dumb, Permanently Disabled for writing with their own hands** श्रेणीयों के अंतर्गत आते हैं एवं स्वंय लिखने में असमर्थ है तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा प्रमाण–पत्र में परीक्षार्थी की अशक्तता 40% या इससे अधिक प्रमाणित की गई है, तो कॉलेज/शिक्षण संस्थान के प्राचार्य/प्रतिनिधि द्वारा उपरोक्त श्रेणीयों के दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए लेखक के मूल एवं सत्यापित दस्तावेजों/प्रलेखों जैसे शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि, व्यावसायिक योग्यता, दो नवीमतम फोटो (एक सत्यापित), फोटो आई0डी0, आधार कार्ड, पत्राचार व स्थाई पता सहित परीक्षा से पूर्व लेखक की स्वीकृति बोर्ड मुख्यालय, विशेष परीक्षा शाखा से लेना अनिवार्य है। जिस व्यक्ति की लेखक के रूप में मांग की गई है, की आयु परीक्षा में प्रविष्ठ होने वाले परीक्षार्थी से कम हो एवं शैक्षणिक योग्यता वरिष्ठ माध्यमिक से अधिक न हो। बोर्ड कार्यालय की स्वीकृति के बिना परीक्षार्थी के लेखक को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

सचिव